## खबर संक्षेप

### पुलिस पर अभद्रता का आरोपः सतना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का यातायात थाने में धरना



**सतना।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तेज आवाज वाले साइलेंसर लगी मोटरसाइकिलों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सतना में बवाल हो गया। यातायात पुलिस द्वारा एक बाइक का साइलेंसर रोके जाने और उसे निकाले जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया। मिली जानकारी के अनुसार,राजेंद्र नगर निवासी देव पांडे और अन्य एनएसयूआई नेताओं तथा पुलिस के बीच साइलेंसर को लेकर कहासुनी हुई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पटाखा साइलेंसर को हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी कार्रवाई को लेकर कार्यकर्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की और आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। विरोध में,कांग्रेस और एन एस यू आई के कार्यकर्ता यातायात थाने पहुंचे और परिसर में धरने पर बैठ गए। बाद में,पुलिस ने विवादित साइलेंसर को निकाल दिया,लेकिन चालानी कार्रवाई नहीं की,जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस घटनाक्रम से थाने में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया था।

### विधिक जागरूकता हेतु मैराथन दौड का आयोजन आज

**सतना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक मनाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि अभियान के तहत विधिक जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ का आयोजन 9 नवम्बर को प्रातः 8:45 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर से दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम तक किया जाएगा। इसके बाद 14 नवम्बर को बाईक एवं साईकल रैली का भी आयोजन किया जाएगा।

### नेटवर्किंग कंपनी डायरेक्ट बाजार के जाल में फंसे मैहर कॉलेज के 500 से अधिक छात्र, पुलिस ने दो महिलाओं को उठाया

**मैहर।** माँ शारदा की नगरी मैहर में अब शिक्षा संस्थानों तक नेटवर्किंग के नाम पर ठगी का खेल पहुँच गया है। डायरेक्ट बाजार नामक एक नेटवर्क कंपनी ने मैहर कॉलेज के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को अपने जाल में फंसाकर ठगी की है। पीड़ित छात्रों के अनुसार,कंपनी ने उन्हें व्यावसायिक नेटवर्किंग से मोटी कमाई का लालच दिया और प्रत्येक विद्यार्थी से 13,500 की मोटी रकम निवेश के नाम पर ली। जब छात्रों को यह महसूस हुआ कि यह एक सुनियोजित ठगी है, तो उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए। छात्रों का कहना है कि कंपनी के लोग उन्हें मानसिक रूप से प्रभावित करते थे,और कुछ मामलों में तो उन्हें दवा जैसी चीजें भी दी जाती थीं ताकि वे कंपनी के निर्देशों का आँख बंद करके पालन करते रहें। ठगी की शिकार हुई छात्राएँ अपनी आपबीती सुनाने के लिए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से मिलीं और पूरी घटना की शिकायत की। विधायक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। विधायक के निर्देश के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कंपनी के कार्यालय पर छापेमारी की और वहां से दो महिलाओं को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पीड़ित छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि इस नेटवर्किंग गिरोह के अन्य संचालकों को भी तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उनके ठगे गए पैसे वापस दिलाए जाएं।





# बिरहुली ओवर ब्रिज निर्माण में देरी और बदहाल बाईपास से मौतें, आक्रोशित जनता ने रेल रोको आंदोलन की दी चेतावनी

## सतना-सेमरिया मार्गः 5-6 मौतें, प्रोफेसर की हृदय विदारक दुर्घटना; कांग्रेस सेवादल ने की 1 करोड़ मुआवजे और त्वरित निर्माण की मांग





**सतना। जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर दूर सतना-सेमरिया मुख्य मार्ग पर बिरहुली रेलवे फाटक में पिछले ढाई-तीन वर्षों से निर्माणाधीन ओवरब्रिज का अत्यंत धीमी गति से चल रहा कार्य अब आम जनता के लिए मौत का सबब बन चुका है।**

रेलवे अधिकारियों द्वारा पुल निर्माण के दौरान आवागमन के लिए किसी भी बाईपास रोड का निर्माण नहीं कराने और यातायात को बगल के सगमनिया गांव के अंदर से निकल रही लोक निर्माण विभाग की संकीर्ण और जर्जर सड़क पर डायवर्ट कर देने से क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह वैकल्पिक मार्ग न केवल अत्यंत संकीर्ण है,बल्कि गांव-बस्ती के बीच से गुजरता है और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। सड़क पर दो-दो फीट के बड़े गड्ढे हो गए हैं और साइड पट्टियां गायब हैं,जिससे आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं। सूचना पत्र के अनुसार,अब तक 5-6 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और कई लोग दुर्घटनाओं के कारण अपंग हो चुके हैं।

### प्रोफेसर की दर्दनाक मौत ने बढ़ाया जन-आक्रोश

आक्रोश की ताज़ा और बड़ी वजह शनिवार सुबह 08 बजे हुई एक हृदयविदारक दुर्घटना है। एक प्रोफेसर की हाइवा ट्रक की चपेट में आने से अत्यंत पीड़ादायक मृत्यु हो गई। घटना का दृश्य इतना भयानक था कि उनके शरीर के अंगों के एक-एक टुकड़े को एकत्र कर जिला अस्पताल भेजा गया।

### रेल रोको आंदोलन की घोषणा

इन गंभीर दुर्घटनाओं के बावजूद, रेलवे विभाग ने खुद को अनजान बनाए रखा है,और लोकनिर्माण विभाग सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं करवा रहा है। इस अनदेखी के विरोध में,कांग्रेस सेवादल ने आम जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर सगमनिया मोड़ के पास बिरहुली रेलवे फाटक पर रेल रोको आंदोलन करने की घोषणा की है। आंदोलन की संपूर्ण जवाबदारी रेल विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

### प्रमुख मांगें

निर्माणाधीन बिरहुली रेलवे फाटक ओवरब्रिज को एक माह के अन्दर पूरा कराया जाए। 1 करोड़ रुपये का मुआवजाः दुर्घटनाओं के आश्रितों को 1-1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। दुर्घटनाओं के लिए उत्तरदायी रेलवे प्रबंधन के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाए। बिरहुली से बाया सगमनिया एकल रोड का चौड़ीकरण कर पुनर्निर्माण तत्काल कराया जाए। सतना-सेमरिया मार्ग का सतना से सेमरिया मार्ग जो पूरी तरह से जर्जर है और चलने की स्थिति में नहीं है,उसका शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए। जनता का कहना है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं,तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# मैहर में 51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का भव्य शुभारंभ



### मैहर वाद्य बृंद के वादन से हुई संगीत सभा की शुरुआत

**मैहर।** ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह की 51वीं संगीत संध्या का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को मैहर वाद्य बृंद की प्रस्तुति से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह और सतना सांसद गणेश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर तीन दिवसीय संगीत समारोह का शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि बीसवीं सदी के महान संगीतकार बाबा अलाउद्दीन खां ने वर्ष 1918 में मैहर वाद्य बृंद की रचना की,जिसमें बंदूक की नाल से बनाया गया नल तरंग पूरी दुनिया में अनूठा संगीत वाद्य वृंद है। उन्होंने बाबा की संगीत विरासत को संजोने और



अगली पीढ़ी को सौंपने को परम कर्तव्य बताया। उन्होंने मां शारदा लोक के बनने से मैहर की ख्याति दूर-दूर तक फैलने की बात भी कही और आयोजन में स्थानीय प्रतिभाओं का सहयोग लेने की सलाह दी। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि पूरे विश्व में मैहर की पहचान मां शारदा देवी और बाबा अलाउद्दीन खां साहब के संगीत से होती है। उन्होंने मैहर के संगीत महा विद्यालय को बेहतर संसाधन देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया ताकि आलीशान परंपरा बनी रहे। प्रथम संध्या का शुभारंभ मैहर वाद्य वृन्द की रचना से हुआ,जिसमें मीरा बाई के भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। इसके बाद रूपा रानी दास एवं साथी द्वारा कथक समूह नृत्य,कनक श्री भट्ट इंदौर का गायन और शिराज अली खां का सरोद वादन की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। समारोह में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

### समारोह का समापन कार्यक्रम आज

मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल और जिला प्रशासन मैहर के संयुक्त तत्वाधान में 51वां उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह स्टेडियम ग्राउंड मैहर में आयोजित हो रहा है,जिसका समापन 9 नवम्बर को होगा। कार्यक्रम में सभी नागरिकों का प्रवेश निःशुल्क होगा।

## अतिक्रमण पर नगर निगम का 'तीखा' एक्शन!

# स्टेशन रोड और सेमरिया चौक पर आधा दर्जन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई

**सतना।** नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शनिवार को एक बार फिर स्टेशन रोड और सेमरिया चौक पर सख्ती दिखाते हुए उन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की,जिन्होंने गुरुवार को हटाए गए कब्ज़े को फिर से जमा लिया था। अतिक्रमण दस्ता प्रभारी अरविंद सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने स्टेशन रोड पर आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए उनके दोबारा किए गए अतिक्रमणों को हटाया। इन दुकानदारों को गुरुवार को भी चेतावनी देकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था।

### चार दिनों से जारी अभियान

शहर के यातायात को पटरी पर लाने के लिए पिछले चार दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने और चेतावनी देने का अभियान जारी है।

### बुधवार और शुक्रवार की कार्रवाई

बुधवार को स्टेशन रोड पर सड़क और पार्किंग पर सामान रखकर कारोबार करने वाले 22 दुकानदारों का सामान जब्त किया गया था। शुक्रवार को एक दिन के अंतराल के बाद पुनः



स्टेशन रोड पर सामान रखकर बिक्री करने वाले दुकानदारों का सामान जब्त किया गया था।

### दस्ते को देखते ही हड़कंप

शनिवार को जब नगर निगम की टीम फॉलोअप के लिए स्टेशन रोड पहुंची,तो पाया कि जिन दुकानदारों पर पहले कार्रवाई हुई थी,उनमें से कुछ फिर से अतिक्रमण कर दुकानदारी कर रहे थे। टीम के पहुंचते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया,और कई अपना सामान समेटकर भागने लगे। दस्ता प्रभारी अरविंद सिंह ने बार-बार अतिक्रमण करने वाले इन दुकानदारों को फटकार लगाते हुए आगाह किया कि सड़क पर दुकान चलाने से यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने सभी को जनहित में सड़क पर सामान न रखने और सामान जब्त होने/जुर्माने से बचने की सलाह दी।

### सेमरिया चौक पर एनाउंसमेंट

सेमरिया चौक पर ठेले,गुमटी और टपरे में चाय-नाश्ता,फल आदि बेचने वाले अस्थायी अतिक्रमण कारियों को अनाउंसमेंट के माध्यम से चेतावनी दी गई। उन्हें सड़क यातायात बाधित किए बिना दुकानें चलाने की अपील की गई।

### फेरी लगाने की सलाह

फुटपाथी दुकानदारों को एक जगह स्थायी रूप से खड़े होने के बजाय फेरी लगाकर सामान बेचने की चेतावनी दी गई,ताकि सड़क पर जाम न लगे और दुर्घटनाएं न हों। खबर में बताया गया है कि जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया, वहां कई लोगों ने फिर से सामान रख लिया,खासकर रूई मंडी में।

## मांजन गोलीकांड पर आधारित नाट्य का मंचन बिरसिंहपुर में



**सतना।** सतना जिले के बिरसिंहपुर में जन्मे तीन सपूतों ने अपनी शहादत देकर इतिहास में अमरता पाली। 10 जुलाई 1938 को हुए मांजन गोलीकांड पर आधारित नाटक आज 87 साल बाद उसी पावन धरा पर उनकी शौर्य गाथा मंचित होने जा रही है। लोकरंग समिति सतना के कलाकार इन्हीं वीरों की गौरव गाथा को नाटक के माध्यम से आज शाम 5 बजे,बिरसिहपुर के समीप पगार गांव में शाम 7 बजे से प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित हुआ हैं। द्वारिका दाहिया एवं सविता दाहिया के मार्गदर्शन में इस नाटक का आलेख एवं निर्देशन बहादुर दाहिया ने किया है श्री दाहिया द्वारा बताया गया कि सोहावल राज्य द्वारा जनता का शोषण और दमन बढ़ रहा था। अंग्रेजों की तरफ से राजा को पूर्ण सुरक्षा थी। जनता ने पहले विरोध किया सरकार ना मानी तो विद्रोह किया। फलस्वरूप 10 जुलाई 1938 को बिरसिंहपुर से 3 किलोमीटर दूर बसे मांजन गांव पर सोहावल राज्य की तरफ से गोलियां चलायी गयीं। इस गोली कांड में लाल बुद्ध प्रताप सिंह,रामाश्रय गौतम एवं पंडित मनधीर राम पाण्डेय शहीद हो गए तथा अनेक ग्रामीण घायल हो गए। तीन दिन बाद शहीदों के शव मिले जिसमें भाले के सैंकड़ों घाव पाए गये। तीनों सपूतों का एक साथ पगार गांव की अमराई में अंतिम संस्कार किया गया था। नाटक मंचन के मुख्य भूमिका निभाने वाले कलाकार अखिलेश,इश्ताक शहडोली,दिव्यांश,मनीष कुशवाहा,देवेश दाहिया, अभिषेक आर्या,सुरेंद्र चौधरी,अजय दाहिया,दीपेन्द्र कुमार,अनामिका दाहिया,संध्या कुशवाहा,श्रेया, प्रभा शिवांश दाहिया,कुणाल दाहिया,सुभाने दाहिया एवं आशुतोष आर्या आदि शामिल है।

# ढाई लाख का गांजा जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार



**मैहर।** नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए मैहर पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार 2.0' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 21.650 किलोग्राम गांजा बरामद किया है,जिसकी अनुमानित कीमत 2,50,000 है। पुलिस को 7 नवंबर की रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर,पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ईडन तिराहे के पास होंडा मोटर साइकिल क्रमांक **MP**19 **ZJ** 2302 पर सवार तीन व्यक्तियों को रोका। तलाशी के दौरान बाइक सवारों के पास से गांजे की बड़ी खेप मिली।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

अनमोल पटेल 24 वर्ष,पिता रघुवर पटेल,निवासी मदनकर,थाना रामनगर,अवनीश पटेल 27 वर्ष, पिता राजमान पटेल,निवासी मदनकर,थाना रामनगर और छोटे चौधरी 19 वर्ष,पिता सुनील चौधरी, निवासी रमनगर,थाना बेलपहाड़,जिला झारसुगुड़ा उड़ीसा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में टीआई अनिमेष द्विवेदी सहित उप निरीक्षक संतोष उलाडी,उप निरीक्षक विक्रम पाठक,आरक्षक संजय सिंह,आयुष यादव,मोहित बैश्य,हिमांशु साकेत,विनेश यादव,संतोष पटेल,जय बाघेल,सुशील द्विवेदी एवं संदीप परिहार की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि समाज को नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए ऑपरेशन प्रहार 2.0 निरंतर जारी रहेगा।

# मुस्कान विशेष अभियानः पुलिस ने 650 से अधिक छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**सतना।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान विशेष अभियान के तहत पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी और विद्यालयों में जागरूकता पर जोर दिया है।पुलिस अधीक्षक,के मार्गदर्शन में,महिला थानाप्रभारी श्वेता मौर्या एवं उनके स्टाफ द्वारा माधवगढ़ क्षेत्र के तीन विद्यालयों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण शिविर में लगभग 650 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे,जिन्हें निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य अदमपता (गुमशुदा) नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी। अपराधों की जानकारी,उनके दुष्परिणाम, बालकों की क्रियाकलापों का आकलन और उनके दुष्परिणामों से अवगत कराना। महिलाओं के प्रति सम्मान और आदर की भावना को बढ़ावा देना। समाज में



फैलाई जा रही अश्लीलता के दुष्परिणामों और संबंधित आपराधिक प्रावधानों पर जागरूकता। 'गुड टच बैड टच' के लिए यूट्यूब पर उपलब्ध कोमल शॉर्ट कार्टून फिल्म के प्रचार-प्रसार पर जोर। बाल विवाह,पॉक्सो एक्ट,जे.जे.एक्ट,साइबर अपराध,और बाल/बंधुआ मजदूरी से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 112,1098,1090,1930 के उपयोग के बारे में बताया गया। सड़क सुरक्षा, यातायात के नियम,राह वीर योजना और अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी साझा की गई,तथा जागरूकता पोस्टर का वितरण भी किया गया। महिला थाना प्रभारी श्वेता मौर्या ने बताया कि यह अभियान बच्चों को सुरक्षित माहौल देने और समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस शहर में निकली भव्य कलश यात्रा



पन्ना। मधुवन पैलेस में षनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का भव्य षुभारंभ हुआ। कार्यम की षुरुआत कलष यात्रा के साथ हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेषभूशा में सिर पर कलष रखकर षोभायात्रा में हिस्सा लिया। षोभायात्रा जनकपुर नाका निज निवास से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री जुगुल किषोर जी मंदिर पहुंची जहां से कथा सलि मधुवन पैलेस पहाड़ीखेरा मार्ग पर आकर संपन्न हुई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कथा का विधिवत षुभारंभ किया गया। कथा व्यास व्याकरण आचार्य पंडित श्री राम दुलारे जी ने कथा के प्रथम दिन प्रवचन देते हुए कहा कि सत्संग और भजन ही जीवन का वास्तविक सार है। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि भागवत कथा जीवन में सकारात्मकता और भक्ति भाव का संचार करती है। कथा के मुख्य यजवान श्रीमती सुशमा मिश्रा सेवा निवरत एलआईसी वरिश्ठ कर्मचारी पति निर्मल मिश्रा सेवा निवरत षिक्षक है।मिश्रा परिवार ने समस्त भागवत कथा प्रेमियों से षाम 3रू33 बजे कथा सलि मधुवन पैलेस में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है ।

### सरस्वती उच्च माध्य विद्यालय में संपन्न हुआ संघ का सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



पवई। देश भर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में(विद्या भारती) सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा देश भर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिशु मंदिर पवई में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो विषयों पर्यावरण व कुटुंब प्रबोधन को लेकर श्रीमती अर्चना सिंह भदौरिया के द्वारा विस्तार पूर्वक उपस्थित महिलाओं को बताया गया एवं भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं की उपस्थिति रही,इस दौरान छोटी-छोटी बहनों के द्वारा एकल गीत व रोचक झांकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती चांदनी अग्रवाल और कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती मालती रैकवार रही। कार्यक्रम का सफल संचालन बहिन ऑस्फा पटेल व अंजली गर्ग ने किया। इस सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में केवल माता बहनों की ही उपस्थित रही।

### जिजगांव ग्राम के पास मोटर बाइक ट्रक से टकराई, युवक गम्भीर रूप से घायल



अमानगंज-पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जिजगाँव ग्राम के पास एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसमें एक 22 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटरबाइक चालक का नाम शिवम पिता सरमन विश्वकर्मा निवासी कामताना अमानगंज से कामताना की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्राला से मोटर बाइक टकरा जाने से बाइक में सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे 108 वाहन की मदद से अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ घायल का प्राथमिक उपचार कर कटनी के लिए रेफर कर दिया है,शिवम के शरीर के कई अंगों में चोट के निशान है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### भदैया में तीन दिवसीय रामलीला का भव्य समापन, दर्शकों की आंखों से छलके भावनाओं के आँसू

अजयगढ़। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भदैया में आयोजित तीन दिवसीय भव्य रामलीला का समापन भावनात्मक माहौल में हुआ। मंचन के अंतिम दिन, धनुष यज्ञ के अवसर पर हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाबली महाराजा छत्रसाल रामलीला कमेटी भैय्या के तत्वावधान में किया गया।

धरमपुर थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने वाले 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

# अवैध शराब के विरूद्ध लागातर की जा रही कार्यवाहियां

**आरोपी के कब्जे से करीब 90 लीटर अवैध शराब कीमती करीब 35 हजार रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त बिना नम्बर की मोटर सायकिल की गई जप्त**

जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है।



अजयगढ़।

इसी अभियान के अंतर्गत थाना धरमपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित करते हुए अवैध शराब का परिवहन करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में देशी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त एक बजाज कम्पनी की बिना नम्बर की मोटर साइकिल ब्ज-110 जप्त की है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एसडीओपी अजयगढ़ श्री राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी धरमपुर उपनिरीक्षक अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 07 नवम्बर 2025 को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल में भारी मात्रा में देशी शराब लेकर कालिंजर की ओर से धरमपुर होते हुए सिंहपुर की तरफ जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल रवाना होकर कालिंजर-सिंहपुर मुख्य मार्ग, दिविहा मोड़, धरमपुर पहुंची। कुछ देर पश्चात कालिंजर की दिशा से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसकी टंकी पर एक काले रंग का बड़ा बैग रखा हुआ था। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, तभी पीछे बैठा व्यक्ति चलती मोटरसाइकिल से बड़ा थैला फेंककर खेतों की ओर भाग गया। पुलिस टीम ने चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम संजय यादव पिता राजनारायण उर्फ पिंटू यादव उम्र 23 वर्ष निवासी राजेन्द्रनगर, अतर्रा, जिला बांदा (उ.प्र.) बताया। भागे हुए व्यक्ति की पहचान संजय यादव के द्वारा छोटू यादव निवासी लोधनपुरवा (गोखिया) थाना अतर्रा जिला बांदा (उ.प्र.) के रूप में की गई। मौके पर मौजूद दोनो काले रंग के बैग को खोलकर चेक करने पर उसके अंदर 10 कार्टून देशी अवैध शराब "मस्तीहू देशी मसाला" ब्रांड की शराब मिली। कुल बरामद 450 पैकेट देशी शराब (90 लीटर, अनुमानित कीमत 35 हजार) एवं परिवहन में प्रयुक्त बजाज कम्पनी की बिना नम्बर की मोटर साइकिल ब्ज-110 जप्त किया गया है। मौके से गिरफ्तार आरोपी संजय यादव को विधिवत गिरफ्तार कर थाना धरमपुर में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। अन्य फरार आरोपी छोटू यादव एवं एक अज्ञात सहयोगी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**सराहनीय योगदान-** उक्त कार्यवाहियों मे थाना प्रभार धरमुपर अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. अशोक प्रजापती, वीरेन्द्र अहिरवार, जीतेन्द्र मिश्रा, दुलीचन्द्र जैन, राधेश पटेल, आर. गिरधारी, संजय, अजीत यादव, सोनी खटीक, निश्चल सिहं, प्रमोद पाल का सराहनीय योगदान रहा।

## फील्ड विजिट कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करें अधिकारी- कलेक्टर ऊषा परमार

**कलेक्टर ने पवई एवं शाहनगर में ली खंड स्तरीय समीक्षा बैठक, दिए निर्देश**



पन्ना। समस्त विभागीय अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट कर हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं गतिविधियों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। भ्रमण के दौरान आम जनता से संवाद कर एवं बेहतर रूप से समस्याओं का प्रभावी निराकरण कर पात्रता मुताबिक लाभ दिलाया जाए। विभागीय गतिविधियों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बात कलेक्टर ऊषा परमार ने शनिवार को पवई एवं शाहनगर विकासखंड में संपन्न हुई खंड स्तरीय समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी समस्या पर अविलंब अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ कार्य कर समस्याओं का निराकरण करें। इस दौरान विभागवार लंबित आवेदनों की जानकारी लेकर मंगलवार की जनसुनवाई में आवेदकों को समक्ष में बुलाकर समस्याओं का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जाए। इस संबंध में पर्याप्त प्रचार प्रसार भी करें। ग्राम पंचायत स्तर पर विभागीय कार्यों के संपादन तथा अधिकारियों की भ्रमण कार्ययोजना के बारे में भी पूछा स जिला कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों सहित क्षेत्रीय जनता विशेषकर किसानों के विभिन्न मुद्दों को भी समय सीमा में हल करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में खाद के सुचारू रूप से वितरण तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं से संबंधित विषयों के निराकरण सहित किसानों को सिंचाई के लिए सुलभ बिजली आपूर्ति तथा खराब ट्रांसफार्मर में तत्काल सुधार सहित स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पेयजल व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने बैठक में उपस्थित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों को सतत भ्रमण के माध्यम से व्यवस्थाएं ठीक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह निरीक्षण में मिली कमियों को नियम मुताबिक दुरुस्त करने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों के लिए प्रदत्त सामग्री की उपयोगिता तथा छात्रावास में पहुंच मार्ग के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। तहसीलदार को भू अर्जन एवं जमीन संबंधी मामलों के निराकरण के लिए भी निर्देशित किया गया।

धान खरीदी केंद्रों पर हो सभी आवश्यक प्रबंध- कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले सभी कृषकों से आगामी माह में धान खरीदी की जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में अधिकारियों को प्रस्तावित केंद्रों का पूर्व भ्रमण कर जरूरी तैयारियों एवं आवश्यक प्रबंध के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी केंद्र पर एफएक्यू गुणवत्ता से कमतर धान की खरीदी न हो। इसके लिए केंद्रों पर ग्रेडर मशीन की व्यवस्था हो। किसानों के लिए बैठक व्यवस्था सहित छाया और पेयजल के इंतजाम भी किए जाएं। सभी किसानों को विभिन्न माध्यमों से अच्छी क्वालिटी की धान लेकर उपार्जन केंद्रों पर पहुंचने के लिए सूचित किया जाए। इस बारे में वाहनों सहित पंपलेट और कोटवार से मुनादी के जरिए प्रचार प्रसार कराने के लिए कहा। उपार्जन केंद्रों के बाहर भी बैनर के माध्यम से बगैर ग्रेडिंग वाला धान नहीं लेने की सूचना प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने नगर परिषद पवई के सीएमओ को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर निराश्रित गौवंश का विचरण न हो। साथ ही बाजार दिवसों में पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर निर्धारित सीमा के बाहर सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। पशुपालन विभाग के अधिकारी को सभी गौवंश का गौशालाओं में विस्थापन सुनिश्चित कराने तथा जनपद पंचायत सीईओ को इस संबंध में सड़क किनारे की ग्राम पंचायत सचिव को पाबंद करने के लिए भी निर्देशित किया

## वंदेमातरम केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि देशभक्ति का मंत्र भी है -सांसद श्री शर्मा

**राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर छत्रसाल महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम**







पन्ना

। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 नवम्बर को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक वर्ष तक निरंतर संचालित होने वाले कार्यक्रम आयोजन की शुरुआत की थी, जिसके तहत प्रदेश में भी चार चरणों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में शनिवार को पन्ना नगर के छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह, विधायक पवई प्रहलाद लोधी, जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पांडेय एवं उपाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे। सांसद श्री शर्मा ने कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वंदे मातरम् गीत ने प्रत्येक नागरिक के जीवन में उत्साह का संचार किया है। यह केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि देशभक्ति के जज्बे का मंत्र भी है। यह गीत युवाओं को देश एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। देश की सीमा पर तैनात सैनिकों और भारत माता की रक्षा के लिए प्राण का न्यौछावर करने के लिए उत्साहित युवाओं के लिए भी यह गीत प्रेरणादायी है। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इस गीत की रचना की। राष्ट्रगान के रचयिता रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इसे पहली बार गया। देश की आजादी के आंदोलन में वंदे मातरम गीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और क्रांति का बिगुल फूंका। सांसद ने उपस्थितजनों से देशभक्ति की भावना के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी के देश विकास के विजन की सराहना कर दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ाने के प्रयासों का भी जिक्र किया। पन्ना विधायक ने कहा कि वंदे मातरम् गीत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह स्थाई सांस्कृतिक विरासत के महत्व को भी प्रदर्शित करता है। विधायक ने कहा कि भारत ने अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपरा को कायम रखा है। राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में सहभागी बनना हम सबके लिए गौरव की बात है। संपूर्ण देश में वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का प्रयास और पहल सराहनीय है।इस कार्यक्रम में सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन भी हुआ।

## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती पन्ना पहुंची: श्री जुगल किशोर, बलदाऊ जी और प्राणनाथ जी मंदिर में किए दर्शन





पन्ना।

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री उमा भारती कल रात्रि पन्ना पहुंची और सर्किट हाउस में विश्राम किया। आज उन्होंने भगवान श्री जुगल किशोर, बलदाऊ जी एवं प्राणनाथ मंदिर में दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हमारा देश पहले बहुत मजबूत था, कालिंजर जैसे किले बनाये। हमारी विरासत बहुत मजबूत रही है लेकिन अब हम कमजोर हो गए हैं। आपने कहा जब मैं कल कालिंजर के किले से निकल रही थी तब मन में विचार आया कि हमारी संस्कृति कितनी समृद्ध है। उमा भारती ने कहा कि पहले हम बहुत समर्थ थे, अब हम इंडिविजुअल कमजोर हो गए हैं। हम गंगा, गाय और प्रकृति की रक्षा करें तभी सामर्थवान बनेंगे। यदि हमने इन चीजों का संरक्षण नहीं किया, तो बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाए जाने के सवाल पर आपने कहा कि हमारी पार्टी छोटे राज्यों के गठन का समर्थन करती है, क्योंकि इससे प्रशासनिक सुविधा और विकास की गति बढ़ती है। लेकिन अभी तक जो मांग की जाती रही है उसे दो राज्यों से अलग बुंदेलखंड की मांग उठाते रहे हैं। मध्य प्रदेश के लोग उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में मिलना नहीं चाहते। इस कारण से एक प्रदेश से अलग बुंदेलखंड की मांग की जाए तो बेहतर होगा और मैं इसका समर्थन करती हूं। गंगा संरक्षण पर बोलते हुए उमा भारती ने कहा कि "गंगा हमारी संस्कृति और आस्था की आत्मा है, उसकी स्वच्छता और संरक्षण बेहद जरूरी है।" गंगा, गाय, प्रकृति इसका संरक्षण बहुत जरूरी है तभी समाज और राष्ट्र का कल्याण होगा। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के पन्ना आने पर उनसे खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा व पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह मिलने पहुंचे।

## शराब दुकान के सामने स्कूल परिधान में दिखे गए थे छात्र, शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान, दुकान संचालक बोले पैसे खुल्ले लेने आये थे स्कूली बच्चे



**शाहनगर।** शाहनगर नगर में शुक्रवार को घटित एक दृश्य ने अभिभावकों, शिक्षकों और आम नागरिकों को चौंका दिया। नगर के मुख्य बाजार स्थित एक शराब दुकान के बाहर सीएम राइज़ विद्यालय के गणवेश में कुछ छात्र खड़े दिखाई दिए। राहगीरों ने जब यह दृश्य देखा तो तुरंत चर्चा शुरू हो गई। कुछ ही देर में घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिससे मामला तेजी से सुर्खियों में आ गया। जानकारी मिलते ही मीडिया टीम ने मौके पर पहुंचकर तथ्यों की जांच की। पड़ताल में यह स्पष्ट हुआ कि छात्र शराब खरीदने नहीं, बल्कि 500 रुपये के खुल्ले पैसे करवाने के लिए दुकान पर पहुंचे थे। यह बात स्वयं दुकान संचालक और छात्रों ने स्वीकार की। हालांकि छात्रों की यह मासूम हरकत सोशल मीडिया पर फैल चुकी थी, जिससे घटना ने अनावश्यक रूप से तूल पकड़ लिया। इसी दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रवि खरे भी शाहनगर के दौरे पर थे। जब उनसे इस प्रकरण के बारे में जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने कहा "मामला हमारे संज्ञान में आया है। जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विद्यार्थी विद्यालय की गरिमा और अनुशासन बनाए रखें और भविष्य में ऐसे स्थानों के आसपास न दिखें।" श्री खरे ने यह भी बताया कि विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया जाएगा कि विद्यार्थियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए तथा अभिभावकों से भी सहयोग की अपेक्षा की जाएगी। इस घटना पर स्थानीय अभिभावकों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का गणवेश अनुशासन, संस्कार और मर्यादा का प्रतीक होता है। इसलिए छात्रों को यह समझाया जाना आवश्यक है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर अपने आचरण से विद्यालय की प्रतिष्ठा बनाए रखें। नगर के शिक्षाविदों का कहना है कि इस घटना को नकारात्मक दृष्टि से देखने के बजाय इसे सीख और मार्गदर्शन का अवसर समझा जाना चाहिए। बच्चों की जिज्ञासा स्वाभाविक है, परंतु उसे सही दिशा देना ही शिक्षा का असली उद्देश्य है।

## मिड डे मील में लापरवाही का आलम, बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़







अमानगंज

संस्कृत बालक शाला एवं पीएम श्री विद्यालय में बच्चों को परोसा जा रहा गुणवत्ता विहीन भोजन निर्मला ज्योति महिला मंडल स्व सहायता समूह पन्ना द्वारा संचालित हो रहा मिड डे मील पन्ना जिले में निर्मला ज्योति महिला मंडल स्व सहायता समूह द्वारा संचालित मिड डे मील योजना में गंभीर गड़बड़ी की जानकारी मिली है। बच्चों को पौष्टिक भोजन की बजाय गुणवत्ताहीन और अस्वच्छ खाना दिया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा। "मिड डे मील योजना का उद्देश्य स्कूली बच्चों को पोषण युक्त भोजन प्रदान करना है।लेकिन पन्ना में हालात इसके उलट हैं।कई बच्चों को अधपका या बासी खाना दिया जा रहा है। ताजा मामला जो सामने निकल कर आया है वह अमानगंज पीएम श्री बालक शाला एवं अमानगंज संस्कृत बालक शाला का है। जहां बच्चों को पानी युक्त सब्जी, बिना टमाटर और मसाले के परोसी जा रही है तो वहीं आधीजली और अधपकी रोटियां परोस कर बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शनिवार की दोपहर 12:00 बजे मिली जानकारी के अनुसार यह भोजन पन्ना से आता है। जिस मिड डे मील का निर्मल ज्योति महिला मंडल चल सहायता समूह पन्ना द्वारा संचालित किया जा रहा है वहीं से यह भोजन पैक कर अमानगंज, पवई एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है जो सुबह का बना भोजन दोपहर 2:00 बजे तक बच्चों तक पहुंचता है जो कहीं ना कहीं बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ है, तस्वीरों में आप देखकर अंदाजा लगा सकते हैं कि किस तरह से बच्चों को यह मिड डे मील भोजन के नाम पर सिर्फ पानी और जली रोटी परोस रहा है।

## अस्पताल में सफाई व्यवस्था हो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज का किया निरीक्षण





पन्ना

जिले की अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अचानक निरीक्षण किया और अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए सफाई व्यवस्था को लेकर बी एम ओ को निर्देश जारी करते हुए कहा कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी मजबूती से हो अस्पताल के बाहर कैंपस में किसी भी प्रकार का प्रदूषण गंदगी दिखाई ना दे इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास आप तेज करें किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता हो तो कृपया तत्काल फोन से बात करें राज्य शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का मजबूती से यहां पालन करने के साथ ही आम जनता को समय रहते उनका लाभ दें सारी जांचे समय पर हो आवश्यक दवाओं का भी वितरण मरीजों के बीच पूरी मजबूती से किया जाए सभी बिंदुओं पर आपकी नजर हो क्षमता पर कर्मचारी अपनी सेवा दें ऐसे तमाम निर्देश देने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमानगंज से सीधा शाहनगर के लिए रवाना हो गए

खबर संक्षेप

## खजुराहो एयरपोर्ट वॉच टावर में सीआईएसएफ एएसआई ने फांसी लगाई, मौत से सनसनी

**खजुराहो।** खजुराहो एयरपोर्ट परिसर में शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया जब वॉच टावर के अंदर सीआईएसएफ के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। जानकारी के मुताबिक यह घटना ड्यूटी के दौरान हुई। मृतक की पहचान दुर्गा प्रसाद नागवंशी (53 वर्ष), निवासी जिला छिंदवाड़ा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उन्होंने शुक्रवार रात करीब 9 बजे के आसपास फांसी लगाई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजनगर स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रामटौरिया में चोरों का आतंक, किसान का गेहूं और औजार चोरी

**बड़ामलहरा।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामटौरिया में बीती रात चोरों ने बड़ा उत्पात मचाया। अज्ञात चोरों ने किसान इंद्रपाल पाल पिता कंछेदी पाल के खेत को निशाना बनाते हुए वहां रखे गेहूं के बोरे, सिंचाई के औजार और पाइप आदि चोरी कर लिए, जिससे किसान को करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान इंद्रपाल पाल ने चौकी प्रभारी रामटौरिया को सूचना देकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है तथा शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। गांव के लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से रात्रि कालीन गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस समय रहते इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाती, तो किसानों की फसल और मेहनत पर चोरों का संकट बढ़ सकता है।

### ढोल नगाड़ों की धुन पर पुष्प वर्षा के साथ खजुराहो स्टेशन पर हुआ ट्रेन का भव्य स्वागत

# वंदे भारत ट्रेन बुंदेलखंड के विकास की ट्रेन : खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा

**छतरपुर/खजुराहो।** भारत के आधुनिक रेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। नव प्रारंभ की गई ये वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस–खजुराहो, लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली तथा एर्नाकुलम–बेंगलुरु मार्गों पर संचालित होंगी। इन नई ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों को प्रमुख गंतव्यों के बीच तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा। साथ ही, इन ट्रेनों के संचालन से क्षेत्रीय संपर्कता में वृद्धि होगी, पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा तथा व्यापार एवं आर्थिक



गतिविधियों को गति प्राप्त होगी। खजुराहो स्टेशन पर ट्रेन के आगमन के अवसर पर भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद खजुराहो विष्णु दत्त शर्मा और वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार के आतिथ्य में ट्रेन का खजुराहो रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर को क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया गया।

इस अवसर पर ट्रेन के स्वागत में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, खजुराहो नपा अध्यक्ष अरुण अवस्थी, पन्ना नगर पालिका अध्यक्ष मीणा पांडेय , पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, पूर्व विधायक गुड्डन पाठक, पूर्व जनपद अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर बुंदेला, पूर्व छतरपुर नपा अध्यक्ष अर्चना सिंह, चंद्रभान सिंह गौतम सहित सहित अनेक स्थानीय प्रतिनिधि एवं रेलवे झांसी मंडल डीआरएम अनिरुद्ध कुमार, सीनियर मंडल इंजी.समन्वय आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल कार्मिक राजेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही जिले के प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य अधिकारीगण एवं पदमश्री से सम्मानित डॉ. संजय शर्मा, उर्मिला पांडे एवं रेलवे के कर्मचारी, नागरिक गण एवं स्कूली छात्र मौजूद रहे।

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस का खजुराहो तक विस्तार बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए यात्रा और व्यापार दोनों ही सुगम होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल लगातार नई ऊँचाइयाँ छू रही है और देश का हर कोना तेज़ी से विकास की राह पर अग्रसर है।सांसद श्री शर्मा महोबा से खजुराहो रेलवे स्टेशन वंदे भारत से ही पहुंचे थे।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें बुंदेलखंड की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। स्टेशन परिसर में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण व्याप्त रहा। इस अवसर पर वंदे भारत एक्सप्रेस पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र - छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## महोबा रोड की सड़क में गड्ढों से राहगीर परेशान



**छतरपुर।** महोबा रोड पर इन दिनों सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। नगर पालिका द्वारा इस मार्ग पर डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग सागर-कानपुर का मुख्य राष्ट्रीय मार्ग है, जिस पर दिनभर बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं का भी खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी मोहित प्रजापति ने बताया कि सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, किसी वाहन के गुजरते ही गिट्टियां इधर-उधर उछलती हैं जिससे पैदल चलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने नगर पालिका से जल्द सड़क का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। वहीं हिमांशु शिवहरे ने कहा कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और डिवाइडर बना देने के बावजूद सड़क का चौड़ीकरण नहीं कराया गया है। सड़क में सुधार और चौड़ीकरण कार्य तत्काल होना चाहिए ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव की तैयारी शुरू, 5 सदस्यीय समिति गठित

**छतरपुर। अधिवक्ता संघ छतरपुर के चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। अधिवक्ता रवि पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ता संघ का कार्यकाल दो वर्ष के लिए होता है, जिसका कार्यकाल अगस्त 2025 में समाप्त हो चुका है। अधिवक्ताओं की मांग पर स्टेट बार काउंसिल ने छतरपुर जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव कराने के लिए 5 सदस्यीय तदर्थ समिति गठित की है। इस समिति में नीरज चंसौरिया को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि रवि पाण्डेय, श्रीराम शुक्ला, सीताराम विश्वकर्मा और मनोज कुमार गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया गया है।**



समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वे संघ का आय-व्यय का लेखा-जोखा तैयार कर शीघ्र चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करें। अधिवक्ताओं द्वारा सदस्यता शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि आज समाप्त हो जाएगी, जिसके बाद मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। जिन अधिवक्ताओं ने निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा किया है, वही मतदान के पात्र होंगे। मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या आपत्तियों का निराकरण भी समिति द्वारा किया जाएगा। स्टेट बार काउंसिल के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिन अधिवक्ताओं ने ऑल इंडिया बार एग्जाम उत्तीर्ण नहीं किया है या जिनका डिक्लेरेशन फार्म काउंसिल में जमा नहीं हुआ है, उन्हें मताधिकार से वंचित रखा जाएगा। वहीं जो अधिवक्ता नियमित रूप से संघ की सदस्यता शुल्क जमा करते आ रहे हैं और एमपी ऑनलाइन के माध्यम से वेरीफिकेशन करा चुके हैं, उन्हें मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा।

राज्य अधिवक्ता परिषद की अध्यक्ष द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और नई कार्यकारिणी के निर्वाचन के लिए गठित यह समिति 45 दिनों के भीतर चुनाव संपन्न कराएगी। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि पूर्व कार्यकारिणी द्वारा किए गए आय-व्यय का विवरण आमसभा में प्रस्तुत किया जाए, जिसके बाद चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## 12 एवं 26 नवंबर को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

**छतरपुर।**

म.प्र.विद्युत नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला छतरपुर के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन सटई रोड पर स्थित अधीक्षण अभियंता (सं/सं) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. कार्यालय छतरपुर में बुधवार 12 नवंबर एवं 26 नवंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. छतरपुर ने अपील की है कि विद्युत उपभोक्ता नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर शिकायत निवारण शिविर में अपनी शिकायतों को दर्ज करवाकर शिकायतों का निराकरण करा सकते हैं।

## बरद्वाहा-टपरन में किसानों की लहराती फसलें जेसीबी से उजाड़ीं

### बिना नोटिस व मुआवजा के कार्रवाई से भड़के किसान



**छतरपुर।** राजनगर क्षेत्र अंतर्गत केन-बेतवा लिंक परियोजना के तहत ढोढन-पलकौहा बांध मार्ग की चौड़ाई बढ़ाने के दौरान बरद्वाहा और टपरन गांव के एक सैकड़ा से अधिक गरीब किसानों की हरी-भरी फसलें जेसीबी से उजाड़ दी गईं। एनसीसी कर्मचारियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना, नोटिस या मुआवजा दिए की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया।

किसानों का कहना है कि वे पीढ़ियों से इस भूमि पर खेती कर रहे हैं, परंतु परियोजना कार्य के नाम पर उनकी मेहनत की फसलें कुछ ही मिनटों में नष्ट कर दी गईं। इस अन्याय के खिलाफ किसान महिलाएं और बच्चे लेकर सड़क पर उतर आए और विरोध जताया। किसान रामलाल पटेल ने बताया कि उनकी खेतों की फसलें और चारों ओर की तारबंदी जेसीबी से उखाड़ दी गई, जिससे जानवरों ने फसलों को नुकसान पहुंचा दिया। लखन विश्वकर्मा ने कहा कि उनके पास पट्टा और समग्र दस्तावेज मौजूद हैं, फिर भी उन्हें कोई नोटिस या मुआवजा नहीं मिला। जब उन्होंने विरोध किया, तो कर्मचारियों ने धमकाया कि यदि आवाज उठाई तो पूरी फसल उजाड़ दी जाएगी। किसान तुलसीदास पटेल, कृपाल पाल, अलमा पाल, बिंद्रावन और महेश पटेल सहित अन्य किसानों ने बताया कि झमटुली से काबर रोड जोडऩे के लिए सड़क चौड़ीकरण के दौरान फसलें नष्ट की गईं। अब उनके पास खाने तक का अनाज नहीं बचा है। किसानों ने सरकार से तत्काल राहत राशि और उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उनके परिवारों के सामने खड़ी आर्थिक संकट की स्थिति को दूर किया जा सके।

## चंदला थाना परिसर में जनसमस्या निवारण सभा आयोजित



### राजस्व से जुड़े विवादित मामलों का हुआ निराकरण

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जायसवाल और पुलिस अधीक्षक आगम जैन के निर्देशन में शनिवार को चंदला थाना परिसर में जनसमस्या निवारण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का संचालन चंदला तहसीलदार नारायण अनुरागी एवं थाना प्रभारी उदयवीर सिंह तोमर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तहसीलदार नारायण अनुरागी ने बताया कि यह सभा विशेष रूप से राजस्व से जुड़े विवादित मामलों के निराकरण के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों से लगभग 12 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 3 से 4 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर बछौन चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह, एएसआई कल वर्मा, एएसआई बद्री अहिरवार, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## गरखुवा ग्राम में शराबबंदी की मांग पर महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**बड़ामलहरा।**

जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत गरखुवा की महिलाओं ने एकजुट होकर ग्राम में बिक रही अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग को लेकर तहसीलदार विशम्भर सिंह मरावी को ज्ञापन सौंपा।

महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम से ग्राम में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू किए जाने की मांग करते हुए शराब से होने वाले सामाजिक व पारिवारिक दुष्परिणामों को विस्तार से बताया। गौरतलब है कि बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में अवैध शराब की बिक्री निरंतर जारी है, जिसके चलते लड़ाई-झगड़े, घरेलू हिंसा और अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। इन्हीं स्थितियों पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शराबबंदी की मुहिम विगत माह से लगातार चलाई जा रही है। इसी क्रम में गरखुवा ग्राम की महिलाओं ने आगे बढ़कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

## नशीले सिरप और टैबलेट सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

### 25 नशीले सिरप मात्रा ढाई लीटर एवं 70 टेबलेट जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया



**छतरपुर।** नशा मुक्ति अभियान के तहत छतरपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। थाना सिविल लाइन पुलिस को विगत रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान प्रतिबंधित नशीला पदार्थ सिरप एवं टैबलेट सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान गठेवरा तिराहा के पास फोरलेन हाईवे के बगल से सर्विस रोड पुलिया के पास पहुंची, पुलिस को संदिग्धों को रोककर तलाशी ली। कार्टून में नशीले प्रतिबंधित सिरप एवं टैबलेट पाया गया। 25 नशीले सिरप मात्रा ढाई लीटर एवं 70 टेबलेट जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ पर वैध दस्तावेज, विशेषज्ञ के परामर्श इत्यादि नहीं पाए गए।

अवैध नशीले पदार्थ में संलिप्त दो आरोपी दिनेश अनुरागी पिता लल्लू अनुरागी निवासी लोधी कुइया के पास छतरपुर, राज उर्फ अनुभव सोनी पिता जयप्रकाश सोनी निवासी बांस पहाडिय़ा के पास श्रीनगर जिला महोबा के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में एनडीपीएस अधिनियम एवं मध्य प्रदेश ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह सहायक उप निरीक्षक मदन मोहन दुबे, आरक्षक हरेंद्र, धीरेंद्र राजावत, पहाड़ सिंह एवं सूरजभान की भूमिका रही।

## शीलिंग स्कूल के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय सेपकटकरा प्रतियोगिता में दिखाई धाकड़ प्रतिभा

### 69वीं और 11वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सेपकटकरा प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन



**छतरपुर।** शीलिंग पब्लिक स्कूल के खिलाडिय़ों ने हाल ही में आयोजित 69वीं और 11वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सेपकटकरा प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 69वीं प्रतियोगिता (8-11 अक्टूबर 2025, अमरकंटक, अनूपपुर) में स्कूल के 6 खिलाडिय़ों वैश्न्वी त्रिवेदी, अदित्रि नगरिया, सानवी पटेरिया, सत्यम सिंह, अंशिका सिंह और आयुष्मानराज रावत का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसी में सत्यम सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। 11वीं प्रतियोगिता (29-31 अक्टूबर 2025, मंडीदीप, रायसेन) में बालक वर्ग में युवराज यादव, अजय यादव और आजाद यादव ने शानदार खेल दिखाया। बालिका सब-जूनियर वर्ग में अंशिका सिंह ने भी रजत पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय के एम.डी. संजीव नगरिया और प्राचार्या श्रीमती ख्याति गौतम ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। विजेताओं को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 8000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर उप-प्राचार्या श्रीमती मीनाक्षी शुक्ला सेपकटकरा खेल के कोच उमंग चतुर्वेदी, समीक्षा तिवारी, रेशु अरजरिया, प्राची बुंदेला भी उपस्थित रहीं और सभी विजेता खिलाडिय़ों को शुभकामनाएँ दीं।

## राधे मिश्रा और सान्वी गर्ग राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में लेंगे हिस्सा

**छतरपुर।** इनफिनिटी शूटिंग एकेडमी छतरपुर के दो युवा निशानेबाज़ राधे मिश्रा और सान्वी गर्ग ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। दोनों खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 में भाग लेने जा रहे हैं, जो 11 दिसंबर 2025 से भोपाल में आयोजित होने जा रही है। दोनों शूटर सब यूथ 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में हिस्सा लेंगे। इस चैम्पियनशिप में देशभर के नामी निशानेबाज़, ओलंपियन, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और राष्ट्रीय पदक विजेता शामिल होंगे। राधे और सान्वी अब राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बन गए हैं और यह छतरपुर जिले के लिए गर्व का क्षण है। खास बात यह है कि राधे मिश्रा और सान्वी गर्ग छतरपुर जिले के पहले ऐसे सब यूथ वर्ग के खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे हैं। छतरपुर में खेल प्रेमियों और अभिभावकों में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल है। सभी को उम्मीद है कि राधे मिश्रा और सान्वी गर्ग भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे।

### कलेक्टर ने राजनगर वि.स. अंतर्गत अत्यंत न्यून मैपिंग पर दो बीएलओ को निलंबित करने के निर्देश दिए

## एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जिला निर्वाचन अधिकारी

**छतरपुर।**

छतरपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 प्रक्रिया में किए जा रहे कार्यों गणना पत्रकों के वितरण, 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग, गणना पत्रकों की बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सर्वे आदि कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मिलिंद नागदेवे, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे एवं ईआरओ, एईआरओ वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।



जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जैसवाल ने जिले की विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा की जा रही 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की समीक्षा करते हुए कहा कि बॉटम के मतदान केंद्रों के बीएलओ को बुलाकर कार्य में प्रगति बढ़ाएं।

छतरपुर ग्रामीण, छतरपुर शहरी, महाराजपुर, बिजावर, राजनगर, लवकुश नगर, चंदला, मलहरा विधानसभाओं के जिन भी मतदान केंद्र में मैपिंग कम हुई है उनको विशेष रूप से कमजोर मतदान केंद्र के बीएलओ को बुलाकर मैपिंग कार्य में गति बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि मैपिंग में 80 प्रतिशत से नीचे कोई भी विधानसभा ना रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिसमें मैपिंग कार्य में अत्यंत न्यून प्रगति पर राजनगर विधान सभा के लवकुशनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 6 मिडका के अनीश मोहम्मद प्राथमिक शिक्षक, मतदान केंद्र क्रमांक 30 के लेखापाल बी.ओ. ऑफिस के जगत पाल रिछारिया बीएलओ को निलंबित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बीएलओ को उपलब्ध होने वाले गणना पत्रकों के वितरण की समीक्षा की और इसमें महाराजपुर विधानसभा में वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ईआरओ को निर्देशित किया कि वेंडर से बात कर गणना पत्रक वितरण में गति बढ़ाएं। उन्होंने बीएलओ ऐप पर महाराजपुर एवं बिजावर में ट्रेनिंग की जानकारी विशेषरूप से दर्ज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को संपूर्ण प्रक्रिया को गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर की मदद से टेबल टॉप एक्सरसाइज़ करें। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग कराएं।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य में संलग्न बीएलओ को मुक्त रखने के संबंध में निर्देश

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने फोटो निर्वाचक नामावलियों के गहन पुनरीक्षण के लिए नियुक्त बीएलओ के पद पर नियुक्त कर्मचारियों को मुक्त रखने के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन कर्मचारियों की बीएलओ कार्य में ड्यूटी लगाई गई है उन्हें विभागीय कार्यों से मुक्त रखा जाए। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ व अन्य कर्मचारी निर्वाचन आयोग पर प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे तथा वह आयोग के अनुशासनिक नियंत्रण में होंगे। उल्लेखनीय है कि बीएलओ द्वारा चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक मतदाताओं के घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फार्म के वितरण व वापसी का कार्य संपन्न कराया जा रहा है।

### कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा ।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ गौतम जी टेटवाल रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर 9 नवम्बर को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेंगे। टेटवाल रीवा में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत दोपहर 2 बजे कटनी प्रस्थान करेंगे।

### लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों से ही भारत बनेगा विकसित एवं आत्मनिर्भरः सांसद

**रीवा ।** स्वतंत्र भारत के शिल्पकार एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च जिला स्तरीय पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत द्वारा केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में किया गया। यह पदयात्रा ग्राम तिघरा से शासकीय महाविद्यालय सेमरिया तक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्रा जी रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सांसद मिश्र ने कहा कि हम उस महान पुरुष की 150वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने 562 रियासतों को बिना किसी युद्ध या रक्तपात के एकसूत्र में पिरोकर एक अखंड भारत का निर्माण किया। हैदराबाद और जूनागढ़ जैसी रियासतों को उन्होंने अपने अद्भुत नेतृत्व से एक भारत में समाहित किया। उनका जीवन समर्पण, साहस और एकता का प्रतीक था। जब देश विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है, तब हमें याद रखना चाहिए कि इसकी नींव रखने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल ही थे। विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' भी लौह पुरुष को समर्पित है। सांसद ने कहा कि यह यूनिटी मार्च केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह उन युवाओं का संकल्प है जो भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यह कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, जिम्मेदारी और एकता की भावना को सशक्त करने के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने 'यूनिटी मार्च' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अधिकारी, युवा, खिलाड़ी, शिक्षक एवं स्कूली छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सांसद ने सभी को नशा मुक्त एवं आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### न्यायिक जागरूकता मैराथन और प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**रीवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में सभी के लिए न्याय के उद्देश्य से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025 का आयोजन 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक किया जाएगा।

---

#### कुटीर उद्योगों की स्थापना एवं स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन से रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे

# रीवा शहर में बनेगा हाट बाजारः उप मुख्यमंत्री

### एक जिला-एक उत्पाद और निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री






**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कुटीर उद्योगों की अधिक से अधिक स्थापना एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। स्थानीय उद्यमियों को उनके द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों की बाजार उपलब्धता से उनकी आर्थिक समृद्धि भी बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री एक जिला-एक उत्पाद और निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला में शामिल हुए। जिला प्रशासन एवं एमपीआईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में ईको पार्क में आयोजित कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक समृद्धि शिक्षा स्वास्थ्य और स्वरोजगार पर निर्भर रहती है। हमारा देश तेजी से आत्मनिर्भर बनकर आर्थिक तौर पर समृद्ध हुआ है। स्वसहायता समूहों एवं स्थानीय कारीगरों को प्रशिक्षण देकर बनाए जा रहे उत्पादों को उच्च गुणवत्ता का बनाने में मदद करने की जिम्मेदारी एमपीआईडीसी की है ताकि प्रशिक्षित होकर कारीगर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद निर्मित कर सकें और उनका बाजार में अच्छा मूल्य मिले। उप मुख्यमंत्री ने एमपीआईडीसी के अधिकारियों की इस बात के लिए सराहना की कि उन्होंने बैम्बो लेडी ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध नीरामोई शर्मा को असम से रीवा बुलाकर कार्यशाला में उनके आत्मविश्वासपूर्ण उद्गार व प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी उद्यमियों को साझा कराई जिसका लाभ लेकर स्थानीय बांस बनाने वाले कारीगर व अन्य उद्यमी लाभ ले सकेंगे। शुक्ल ने कहा कि रीवा में व्यंकट भवन के पास शीघ्र ही हाट बाजार का निर्माण कराया जाएगा, जहाँ स्थानीय उत्पादक अपने उत्पादों को बिक्री के लिए प्रदर्शित कर सकेंगे। उन्होंने अपेक्षा की कि एक जिला-एक उत्पाद के साथ ही स्थानीय उद्यमों के कुटीर उद्योग के जाल बिछें और हजारों हजार की संख्या में स्थानीय लोग इससे जुड़कर लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर असम निवासी बैम्बो ऑफ लेडी के नाम से प्रसिद्ध नीरामोई शर्मा ने बांस से बनाए गए गहनों सहित अन्य उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बांस की निर्मित वस्तुओं में कम बांस के उपयोग से अधिक आय प्राप्त हो सकती है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपेक्षा की कि बांस लगाकर इससे लाभ प्राप्त करें और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें। उन्होंने कहा कि बांस कम समय उत्पादित हो जाता है और उससे आक्सीजन भी पर्याप्त मात्रा में मिलती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वह रीवा में बांस से निर्मित वस्तुओं के लिए प्रशिक्षण देंगी। कार्यशाला में वन मण्डलाधिकारी लोकेश नागपुरे ने बताया कि आने वाले वर्ष में जिले में बांस की प्रचुर मात्रा में कटाई की जाएगी जिससे यहाँ पर्याप्त संख्या में इसकी उपलब्धता रहेगी। उन्होंने बताया कि गत वर्षों में 175 किसानों ने दो लाख 64 हजार बांस अपने खेतों व अन्य जमीनों में लगाए हैं जिसके लिए उन्हें शासन द्वारा सब्सिडी भी दी गई है। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक यूके तिवारी ने बताया कि लोकल टू ग्लोबल के उद्देश्य से स्थानीय उत्पाद एवं एक जिला एक उत्पाद को देश और विदेश में पहचान दिलाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। स्थानीय कारीगरों को उत्पाद के लिए प्रशिक्षित करने और उनको बाजार उपलब्ध कराकर समृद्धशाली बनाने में कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि रीवा विकास की ओर अग्रसर होता हुआ जिला है। इस अवसर पर महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी, अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन, वूमन इंटरप्रेन्योर श्रीमती चेतना मिश्रा, स्टार्टअप प्रतिनिधि संजना सिंह, एमपीआईडीसी भोपाल की प्रतिनिधि शैलजा सोनी सहित युवा उद्यमियों ने अपने विचार व्यक्त किए। दिल्ली से वालमार्ट के प्रतिनिधि नीत नेगी ने वालमार्ट से जुड़कर बाजार उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में कमल सचदेवा, दिलीप सिंह, राजगोपाल मिश्रचारी, विवेक दुबे सहित उद्यमी, महिला उद्यमी व स्थानीयजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रवेश तिवारी ने किया। उप मुख्यमंत्री ने असम से आईं बैम्बो लेडी को रीवा के प्रसिद्ध सुपारी से बने गणेश जी की प्रतिमा भेंट की।

---




## दो मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर युवक की मौत और बहन हुई घायल सेमरिया थाने के बीड़ा के समीप हादसा

**रीवा ।** दो बाइक में टक्कर से युवक की मौत हो गई, जबकि बहन घायल है। सेमरिया थाना के मोहरवा निवासी अंगद द्विवेदी पिता राममिलनबहन के साथ बाइक से जा रहा था। गुरुवार रात सेमरिया के बीड़ा के समीप पहुंचा तभी वहां से गुजरी दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इससे कि दोनों बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल लाया गया।

बुरी तरह घायल युवक की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई।वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौततेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। गुढ़ थाने के बेला गाव निवासी सीताराम केवट बाइक से जा रहा था जिसको किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में यह गंभीर रूप से घायल युवक को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां गुरुवार को युवक की मौत हो गई।

### मतदाताओं को किया जा रहा गणना पत्रक का वितरण

**रीवा ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ चार दिसम्बर तक घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी की उपस्थिति में बीएलओ द्वारा गणना पत्रक का वितरण किया गया। इसमें मतदाता से जुड़ी जानकारी दर्ज कर उसकी एक प्रति मतदाता को दी जाएगी। मतदाता गणना पत्रक में जानकारी दर्ज करने के बाद हस्ताक्षर अवश्य करें।

---

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा जबलपुर में

### जनजातीय कार्य मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की जनजातीय गौरव दिवस के तैयारियों की समीक्षा



**रीवा।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे प्रदेश में जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जबलपुर में 15 नवंबर को आयोजित जनजाति गौरव के राज्य स्तरीय समारोह का शुभारंभ करेंगे। जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनजातीय गौरव दिवस समारोह के तैयारी की समीक्षा की। मंत्री शाह ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस प्रदेश स्तर, जिला स्तर, विकासखंड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर मनाया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों में गुजरात में नर्मदा में आयोजित प्रधानमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह के सीधा प्रसारण की व्यवस्था करायें। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की जनजाति वर्ग की अलग-अलग क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य बेटी क्रांति गौड़ को भी इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। समारोह स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनजातियों के कल्याण से जुड़ी प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी समारोह स्थल में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों और विद्यार्थियों की भी सहभागिता होगी। जनजातीय मंत्री ने कहा कि सभी कलेक्टर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम आयोजित करें। इनमें आदिवासी लोक कला लोकगीत और लोक संगीतों की प्रस्तुति भी शामिल करें। श्रेष्ठ कार्य करने वाले जनजाति भाई-बहनों को इन समारोहों में सम्मानित करें। जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए सरकार कई नए कदम उठा रही है। अब कन्या छात्रावासों के नाम शबरी माता और रानी दुर्गावती तथा बालक छात्रावासों के नाम शंकर शाह रघुनाथ शाह जैसे महापुरुषों के नाम पर होंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमन शुक्ला तथा कमिश्नर जबलपुर धनंजय सिंह भदोरिया ने समारोह के तैयारी की बिंदुवार जानकारी दी। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केंद्र से उपायुक्त राजस्व एल आर अहिरवार, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ सत्यभामा अवधिया, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेंद्र सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## अमहिया पुलिस ने 3 घंटे में चोरी का किया पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार, 3 लाख का माल बरामद





**रीवा।** शहर के अमहिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र तीन घंटे में चोरी के एक मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है वही पुलिस ने आरोपी से चोरी गई 1 लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप, कैमरे का डीवीआर तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जब्त माल की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, आरोपी किशन चतुर्वेदी उर्फ कान्हा ने अर्जुननगर स्थित मीशो के ऑफिस के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया था। आरोपी ने ऑफिस के कैश काउंटर को तोड़कर वहां रखी नगदी राशि, एक लैपटॉप तथा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर टीमों का गठन किया और सक्रियता दिखाते हुए मात्र तीन घंटे में उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई नगदी 1,00,000 रुपये, एक लैपटॉप, डीवीआर और घटना में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल (क्रमांक MP17MX0897) जब्त की गई।

---

## मतदाता सूची पुनरीक्षणः नाम जोड़ने की ऑनलाइन प्रक्रिया अब और सुगम

**रीवा ।**

मध्यप्रदेश में आगामी चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक सुविधाओं को विस्तार दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अब पात्र नागरिक घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत एक जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अर्हता प्राप्त नागरिक सीधे वोटर्स सर्विस पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर सर्वप्रथम पंजीकरण (साइन-अप) करना अनिवार्य है, जिसके उपरांत नए मतदाता के पंजीकरण हेतु प्ररूप 6 ऑनलाइन उपलब्ध है। आवेदकों को फॉर्म 6 में समस्त व्यक्तिगत विवरण, जिसमें नाम, पते का पूर्ण विवरण, और जन्मतिथि शामिल है, सटीक रूप से भरना होगा। इस चरण में, अनिवार्य सहायक दस्तावेज़ों जैसे पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ, वैध आयु प्रमाण और निवास प्रमाण की स्कैन की गई प्रतियाँ अपलोड करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि आधार कार्ड जैसे दस्तावेज़ों का उपयोग पहचान और पते के प्रमाण के रूप में किया जा सकता है। सफल आवेदन जमा होने पर, आवेदक को एक विशिष्ट संदर्भ संख्या प्राप्त होगी। यह संख्या आवेदन की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक करने के लिए महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि भले ही आवेदन ऑनलाइन जमा किया जाए, संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया भी संपन्न की जाएगी, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। यह डिजिटल पहल मतदाता पंजीकरण को पारदर्शी, तीव्र और नागरिकों के लिए अत्यधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

---

**अवैध वसूली का आरोप, सर्व चालक कल्याण संघ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर की कार्यवाही की मांग**

## हनुमना चेक पोस्ट पर गुंडाराज ट्रक चालकों के साथ मारपीट

**मऊगंजः** जिले के हनुमना आरटीओ चेकपोस्ट पर ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट और अवैध वसूली का मामला एक बार फिर सामने आया है। आरटीओ चेक पोस्ट पर चालक के साथ की गई मारपीट से आक्रोशित सर्व चालक कल्याण संघ जिला मऊगंज ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज को ज्ञापन सौंपकर चालक के साथ मारपीट करने वाले दोषी आरटीओ कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।आरटीओ चेक पोस्ट हनुमना में परिवहन विभाग के कर्मचारियों द्वारा ट्रक चालक के साथ की गई मारपीट से आक्रोशित दो दर्जन से अधिक चालक पुलिस अधीक्षक कार्यालय मऊगंज पहुंचे और एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि बीते 4 नवंबर को ड्राइवर रविशंकर चौधरी, निवासी जालौन उत्तर प्रदेश अपने ट्रक एनएल 01 एडी 0730 को लेकर कोलकात्ता जा रहा था। हनुमना चेकपोस्ट पर आरटीओ कर्मियों ने उन्हें अंदर यानी परिवर्तित मार्ग से गाड़ी ले जाने को कहा और फिर 500 सौ रुपए की अवैध वसूली की मांग की। आरोप है कि जब ट्रक ड्राइवर रवि शंकर चौधरी ने नकद देने से इनकार किया, तो उसके साथ मारपीट की गई और सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर कराए



गए।ट्रक चालक के साथ परिवहन विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई मारपीट जैसी घटना की जानकारी मिलने पर संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि चालक संघ के जिला अध्यक्ष के साथ भी परिवहन विभाग के कर्मचारी एवं उनके गुर्गों द्वारा अभद्रता और मारपीट की गई।

### चेक पोस्ट पर कमरे में बंद कर चालक के साथ मारपीट

पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ड्राइवर से 500 रूपए नकद मांगे जा रहे थे, जबकि वह ऑनलाइन भुगतान करने को तैयार था। नकद न देने पर आरटीओ कर्मियों ने उसे धर्मकांटा के कमरे में ले जाकर पीटा और धमकाया।चालक संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने में भी देरी की गई और मौके पर मौजूद अधिकारियों ने मोबाइल छीन लिए। परिवहन चेक पोस्ट हनुमना में ट्रक चालक के साथ की गई मारपीट से आक्रोशित संघ ने ज्ञापन सौंप कर चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही नहीं की गई, तो जिलेभर के ड्राइवर संगठन व्यापक आंदोलन करेंगे।

### आदेश का उल्लंघन, खुलेआम अबैध वसूली

परिवहन विभाग द्वारा जिले के हनुमना चेक पोस्ट पर की जा रही अवैध वसूली पर ट्रक चालक संघ ने सवाल करते हुए कहा कि जब प्रदेशके मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं आदेश जारी कर चुके हैं कि मध्यप्रदेश के सभी बॉर्डर बंद हैं, तो फिर हनुमना चेकपोस्ट पर चेकिंग और वसूली किसके आदेश से की जा रही है? आखिर चेक पोस्ट पर वाहनों की लंबी लाइन लगाकर की जा रही अवैध वास ली का राजदार कौन है किसके इशारे पर मऊगंज जिले में इतना बड़ा खेल चल रहा है।संघ ने प्रशासन से परिवहन विभाग के दोषी कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

---

#### विस्थापन, मारपीट और सब्जी मंडी की समस्या पर जताई चिंता

## मऊगंज व्यापारी संघ ने कलेक्टर और एसपी को सौंपे ज्ञापन



**मऊगंज।** व्यापारी संघ के पदाधिकारी और सैकड़ों व्यापारी आज एकजुट होकर कलेक्ट्रेट पहुँचे और नगर की कई गंभीर समस्याओं को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मऊगंज को ज्ञापन सौंपा।व्यापारी संघ ने बताया कि नगर में व्यापारी वर्ग लगातार प्रशासनिक और यातायात संबंधित परेशानियों से जूझ रहा है, इसलिए अब सामूहिक रूप से अपनी आवाज़ उठाना आवश्यक हो गया है।

### बस स्टैंड के व्यापारियों को विस्थापन से बचाने की मांग

व्यापारी संघ ने ज्ञापन में बताया कि बस स्टैंड मऊगंज क्षेत्र में लगभग पचास वर्षों से व्यापारी एवं परिवार स्थायी रूप से रह रहे हैं, जिन्होंने अपने घर और दुकानें बना ली हैं।नगर परिषद द्वारा अचानक उन्हें हटाने के नोटिस जारी किए गए हैं जिससे पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है।व्यापारी संघ का कहना है कि हम 50 वर्षों से यहाँ जीवन यापन कर रहे हैं। हमारे पास न तो कोई दूसरा घर है और न ही आजीविका का कोई विकल्प। इसलिए हमें विस्थापित न किया जाए।"संघ ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित न हो, तब तक बस स्टैंड के सभी व्यापारी वहीं रहकर व्यापार कर सकें।

### सब्जी मंडी के व्यापारियों के लिए वैकल्पिक स्थान की मांग

दूसरा प्रमुख मुद्दा नगर मऊगंज सब्जी मंडी से जुड़ा रहा। व्यापारी संघ ने बताया कि नगर परिषद ने सब्जी मंडी के व्यापारियों को खाली करने का आदेश दिया है, जबकि नया स्थान अब तक एलॉट नहीं किया गया।व्यापारी संघ ने मांग की कि जब तक उचित स्थान तय न हो जाए, तब तक सब्जी मंडी को वर्तमान स्थल पर ही लगने दिया जाए।"हम प्रशासन के साथ हैं, लेकिन बिना व्यवस्था के व्यापार बंद करवाना उचित नहीं,"ऐसा संघ पदाधिकारियों ने कहा।फल व्यापारी अंशु गुप्ता के साथ यातायात प्रभारी की अभद्रता पर कार्रवाई की मांगतीसरे ज्ञापन में व्यापारी संघ ने अपने साथी फल व्यापारी अंशु गुप्ता के साथ यातायात थाना प्रभारी द्वारा की गई गाली-गलौज और मारपीट की घटना पर नाराजगी जताई।व्यापारियों ने बताया कि अंशु गुप्ता अपने ठेले पर फल बेच रहे थे, तभी यातायात प्रभारी ने बिना किसी कारण उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की।संघ ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज से मिलकर मांग की कि दोषी अधिकारी के खिलाफ जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य व्यापारी के साथ ऐसा दुर्व्यवहार न हो।

### कलेक्टर और एसपी ने दिया आश्वासन

व्यापारी संघ ने बताया कि माननीय कलेक्टर महोदय ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि "सभी बिंदुओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।"साथ ही एसपी मऊगंज से भी व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर अपनी समस्याएं साझा कीं।कार्यक्रम में व्यापारी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष बसंत कुमार मोहिते, संयुक्त सचिव सुलेन्द्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अखिल कुमार गुप्ता, सचिव विमल केसरी, सदस्य प्रशांत सोनी,तथा प्रमुख व्यापारी जय राम गुप्ता, रामायण गुप्ता, मनीष गुप्ता, दिनेश गुप्ता, पवन सोनी, रामपाल गुप्ता, शंकरलाल गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, राहुल चौरसिया, राकेश श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता (अशोक बुक डिपो), कुशवाहा इलेक्ट्रॉनिक्स, भारत साउंड, अंकित गुप्ता, जवाहरलाल गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, विमल केसरी, अशोक सोनी, संजीव गुप्ता, शिवम गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सोम गुप्ता, मंगल चौरसिया आदि सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

---

## जिला पंचायत में हुआ सामूहिक वंदे मातरम का गान



**रीवा ।**

जिला पंचायत कार्यालय में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गान में जिला पंचायत के जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर वंदे मातरम के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में 8 नवम्बर को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला स्तर से ग्राम स्तर तक वंदे मातरम का गान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।